WWW.SARKARIRESULT.COM
"Sarkari Result" नाम से मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइट से सावधान रहे

# UP Staff Nurse 2022 Syllabus

## परिशिष्ट - 4

### प्रारम्भिक परीक्षा हेतु परीक्षा योजना

| | | |
|---|---|---|
| 1. सामान्य ज्ञान | - | 30 प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रकारक) |
| 2. सामान्य हिन्दी | - | 20 प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रकारक) |
| 3. मुख्य विषय नर्सिंग | - | 120 प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रकारक) |
| कुल प्रश्न | - | 170 प्रश्न |
| परीक्षा अवधि (समय) | - | 02 घण्टे (120 मिनट) |
| पूर्णांक | - | 85 अंक |

### प्रारम्भिक परीक्षा का पाठ्यक्रम

### सामान्य ज्ञान का पाठ्यक्रम

**(1) भारत का इतिहास एवं भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलनः-** भारतीय इतिहास के अन्तर्गत सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक पक्षों की सामान्य जानकारी पर महत्व होगा। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन पर अभ्यर्थियों से स्वतंत्रता आन्दोलन, राष्ट्रीयता का अभ्युदय तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के सम्बन्ध में सारपरक जानकारी अपेक्षित है।

**(2) भारत एवं विश्व का भूगोल, भारत एवं विश्व का भौतिक, सामाजिक एवं आर्थिक भूगोलः-** भारत के भूगोल के अन्तर्गत देश के भौतिक, सामाजिक एवं आर्थिक भूगोल से सम्बन्धित प्रश्न होंगे। विश्व भूगोल में विषय की केवल सामान्य जानकारी अपेक्षित होगी।

**(3) भारतीय राजनीति एवं शासन, संविधान, राजनीतिक व्यवस्था, पंचायती राज, लोकनीति एवं अधिकारिक मुद्दे आदिः-** भारतीय राजनीति एवं शासन के अन्तर्गत देश के संविधान, पंचायती राज तथा सामुदायिक विकास सहित राजनीतिक प्रणाली के ज्ञान से सम्बन्धित प्रश्न होंगे।

**(4) भारतीय अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक विकासः-** अभ्यर्थियों के जनसंख्या, पर्यावरण तथा नगरीकरण से सम्बन्धित समस्याओं एवं पारस्परिक सम्बन्ध, भारतीय आर्थिक नीति एवं भारतीय संस्कृति के व्यापक स्वरूप के ज्ञान का परीक्षण किया जायेगा।

**(5) राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की सामयिक घटनायेंः-** इसमें खेलकूद के प्रश्न भी सम्मिलित होंगे।

**(6) भारतीय कृषिः-** भारत में कृषि, कृषि उत्पाद एवं उसके विपणन के संम्बन्ध में सामान्य जानकारी की अपेक्षा अभ्यर्थियों से होगी।

**(7) सामान्य विज्ञानः-** सामान्य विज्ञान के प्रश्न दैनिक अनुभव तथा प्रेक्षण से सम्बन्धित विषयों सहित विज्ञान के सामान्य परिबोध एवं जानकारी पर आधारित होंगे, जिसकी ऐसे किसी भी सुशिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है जिसने वैज्ञानिक विषयों का विशेष अध्ययन नहीं किया है। इसमें भारत के विकास में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भूमिका से सम्बन्धित प्रश्न भी होंगे।

**(8) प्रारम्भिक गणित हाईस्कूल स्तर तकः-** अंकगणित, बीजगणित व रेखागणित।

**अभ्युक्तिः-** अभ्यर्थियों से यह अपेक्षित होगा कि उत्तर प्रदेश के विशेष परिप्रेक्ष्य में उपर्युक्त विषयों का उन्हें सामान्य परिचय हो।

### सामान्य हिन्दी

(1) विलोम
(2) वाक्य एवं वर्तनी शुद्धि
(3) अनेक शब्दों के एक शब्द
(4) तत्सम एवं तद्भव शब्द
(5) विशेष्य और विशेषण
(6) पर्यायवाची शब्द

WEBSITE: WWW.SARKARIRESULT.COM
EMAIL : SarkariResult@gmail.com
Twitter @Sarkari_Result
Scan QR Code
FREE MOBILE App

WWW.SARKARIRESULT.COM
"Sarkari Result" नाम से मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइट से सावधान रहे

## नर्सिंग

**1. एनाटॉमी और फिजियोलॉजी:-** कंकाल तंत्र, मांसपेशी प्रणाली, हृदय-रक्त संचार तंत्र, श्वसन तंत्र, पाचन तंत्र, तांत्रिका तंत्र, अंतःस्रावी तंत्र, प्रजनन तंत्र और इन्द्रियाँ।

**2. नर्सिंग की बुनियादी बातें:-** एक पेशे के रूप में नर्सिंग, चिकित्सीय वातावरण का रख-रखाव, नर्सिंग प्रक्रिया व नर्सिंग सेवा-सुश्रुषा योजना, नर्सिंग केयर प्लान, एक मरीज को भर्ती करना और अस्पताल से छुट्टी करना, मरणासन्न रोगी, आरोग्य विषयक आवश्यकतायें एवं शरीर क्रिया विषयक आवश्यकतायें, गतिविधि और व्यायाम, सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यकतायें, उत्सर्जन विषयक आवश्यकतायें एवं विशेष परिस्थितियों में देख रेख, पोषण सम्बन्धी जरूरत की पूर्ति, रोगी का अवलोकन, उपकरणों की देखभाल, संक्रमण रोधी परिचर्चा, दवाइयाँ देना, रिकार्डिंग और रिपोर्टिंग।

**3. प्राथमिक चिकित्सा:-** प्राथमिक चिकित्सा का अर्थ एवं नियम।

**आपात स्थिति जैसे:-** आग, भूकम्प, अकाल, अस्थि भंग, दुर्घटनाओं, विषाक्तता, डूबना रक्त स्राव होना, कीड़े का काटना, फारेन बाडी।

घायल का स्थानान्तरण, पट्टी बांधने और खपच्ची बांधना, नर्सों की तत्काल एवं बाद में भूमिका।

**4. मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग:-** मेडिकल एवं सर्जिकल चिकित्सा की स्थापना (सेटिंग) में नर्स की भूमिका एवं जिम्मेदारी। सर्जिकल रोगी की देखभाल, एनेस्थिसिया (निश्चेतना)। हृदय रक्त संचार तंत्र, पाचन तंत्र, जनन तंत्र एवं मूत्र प्रणाली, तंत्रिका तंत्र के रोग। श्वसन तंत्र, मांस-पेशी, हाड़ पिंजर प्रणाली के विकार और रोग। रक्त विकार और रक्त ट्रांसफ्यूजन (चढ़ना) अंतः स्रावी तंत्र, मेटाबोलिक सम्बन्धी विकार एवं कमी से होने वाली बीमारियाँ व स्राव की अधिकता और अल्पता, गाँठ/ट्यूमर, मधुमेह, मोटापा, गठिया। त्वचा, कान, नाक एवं गले के रोग। आँख के विकार और रोग, सघन चिकित्सा नर्सिंग, सामान्य कमियो के कारण होने वाले रोग, भारत में पाए जाने वाले, प्रारम्भिक लक्षण, रोकथाम एवं उपचार।

**संचारी रोग:-** वायरस, बैक्टिरिया, जूनोसेस और मच्छर।

**5. मनोरोग नर्सिंग:-** परिचय, सामुदायिक जिम्मेदारी, निदान, प्रबन्धन एवं नर्स की भूमिका।

**6. सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग:-** संकल्पना, सामुदायिक स्वास्थ्य की परिभाषा, संस्थागत और सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग में अन्तर, सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग की विशेषताएँ एवं कार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, नर्सिंग के पहलू, जनसांख्यिकी और परिवार कल्याण, स्वास्थ्य टीमः सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सी0एच0सी0), प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पी0एच0सी0) तथा उपकेन्द्र की संरचना। विभिन्न स्तरों पर नर्सिंग कार्मिको की भूमिकाः पुरूष और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, पब्लिक हेल्थ नर्स, पब्लिक हेल्थ नर्स सुपरवाइजर, महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सांख्यिकी, स्वास्थ्य शिक्षा एवं संचार कौशल।

**7. मिडवाइफरी एण्ड गाइनकोलोजिकल नर्सिंग:-** प्रस्तावना और परिभाषा, सामान्य गर्भधारण, प्रसव-पूर्व देखभाल, गर्भावस्था में आहार से संबंधित सलाह एवं देखभाल, प्रसव पूर्व व्यायाम, गर्भावस्था के सूक्ष्म विकार और असुविधा को दूर करना, गर्भावस्था से सम्बन्धित रोग। सामान्य प्रसव की तैयारीः प्रसव का प्रथम चरण, द्वितीय चरण एवं तृतीय चरण। जन्म व शिशु के लिए नर्सिंग प्रबन्धन, माता के सूतिकावस्था के दौरान प्रबन्धन, गर्भावस्था की जटिलतायें और उसके प्रबन्धन, उच्च जोखिम युक्त गर्भावस्था और उसके प्रबन्धन, प्रसूति जटिलताएँ, सूतिकावस्था सम्बन्धित जटिलताएँ व प्रबंधन, प्रसव शल्य क्रिया, प्रसूति में औषधि का इस्तेमाल, दाई और स्त्री रोग नर्सिंग से सम्बन्धित नैतिक और कानूनी पहलू, प्रजनन और बाँझपन, स्तन एवं महिला प्रजनन प्रणाली के रोग एवं विकार।

**8. बाल नर्सिंग:-** बाल स्वास्थ्य देखभाल और बच्चे की देखभाल में बाल नर्स की भूमिका एवं संकल्पना, स्वस्थ बच्चा, शिशु, शिशुओं के विकार, मान्यता और जन्मजात विसंगतियों का प्रबन्धन, स्तनपान, ठोस आहार, प्रसव शल्य क्रिया के पूर्व व बाद की देखरेख, नवजात बच्चे की शल्य चिकित्सा के लिए माता-पिता की तैयारी, बाल रोगः कारण, चिन्ह एवं लक्षण, मेडिकल और सर्जिकल प्रबन्धन, नर्सिंग देखभाल, जटिलता, आहार और ड्रग थेरेपी, रोग सम्बन्धित रोकथाम और उपचार, बचाव एवं चिकित्सा- पाचन तंत्र प्रणाली, श्वसन प्रणाली, जनन-मूत्र प्रणाली, हृदय रक्त परिसंचरण तंत्र, तांत्रिका तंत्र, आँख और कान, पोषण सम्बन्धी विकार, संचारी रोग, रक्त विकार, अंतः स्राव विकार, बाल्य स्वास्थ्य आपात स्थिति, मानसिक विकार समस्यायें और विकलांग शिशु।

**9. व्यावसायिक रूझान एवं समायोजन- परिभाषा और नर्सिंग पेशे के मानदण्ड:-** परिभाषा और नर्सिंग पेशे के मानदण्ड, एक पेशेवर नर्स के गुण, व्यक्तिगत पेशेवर विकास और नर्सिंग में कैरियर, व्यवसायिक और सम्बन्धित संगठनः अन्तराष्ट्रीय कौंसिल ऑफ नर्स (आई0सी0एन0), भारतीय नर्सिंग परिषद (आई0एन0सी0), स्टेट नर्सिंग परिषद, विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, ट्रेन्ड नर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया (टी0एन0ए0आई0), रेडक्रास, नर्सिंग में कानून।

WEBSITE: WWW.SARKARIRESULT.COM
EMAIL : SarkariResult@gmail.com
Twitter @Sarkari_Result
Scan QR Code
FREE MOBILE App

WWW.SARKARIRESULT.COM
"Sarkari Result" नाम से मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइट से सावधान रहे

**10. माइक्रोबायोलोजीः-** नर्सिंग में माइक्रोबायोलोजी के ज्ञान की उपयोगिता एवं सम्भावनायें, महत्व, माइक्रोबायोलोजी का वर्गीकरण, संक्रमण विकास को प्रभावित करने वाले कारक, संक्रमण के स्त्रोत, सूक्ष्म जीवों के प्रवेश और निकास का द्वार, संक्रमण का संचरण, नमूना संग्रहण करना और नमूना संग्रहण करते समय दिमाग में रखे जाने वाला सिद्वान्त, रोग क्षमता, नियंत्रण एवं सूक्ष्म जीवों का विनाश।

**11. मनोविज्ञानः-** परिभाषा, नर्सों के लिये महत्व एवं अवसर, मानव व्यवहार का मनोविज्ञानः- भावनायें, रूख, कुण्ठा और सुरक्षा तंत्र, व्यक्तित्व, खुफिया और सम्बन्धित कारक, सीखना एवं अवलोकन।

**12. समाज शास्त्रः-** नर्सिंग में समाजशास्त्र का महत्व, समुदाय का सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक पहलुओं का स्वास्थ्य एवं बीमारी पर उनका प्रभाव, परिवारः- सामाजिक संस्था और स्वास्थ्य सेवा के लिये परिवार एक बुनियादी इकाई, परिवार की बुनियादी आवश्यकतायें, योजनाबद्व पैरेन्टहुड के लाभ, समाजः- समाज की अवधारणा, ग्रामीण एवं शहरी समाज, सामाजिक समस्यायें, अविवाहित मातायें, दहेज प्रथा, नशाखोरी, मद्यपान, किशोर अपराधवृत्ति, विकलांग, बाल उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, सामाजिक संस्थायें एवं उपचारात्मक उपाय। अर्थव्यवस्थाः- देश के संसाधन- प्राकृतिक, व्यावसायिक, कृषि, औद्योगिक आदि, सामाजिक सुरक्षाः जनसंख्या विस्फोट- अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव और जनसंख्या नियंत्रण के लिये आवश्यकतायें, पारिवारिक बजट, प्रति व्यक्ति आय और स्वास्थ्य एवं बीमारी पर इसका प्रभाव।

**13. व्यक्तिगत स्वच्छताः-** स्वास्थ्य की देखभाल, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य।

**14. पर्यावरण स्वच्छताः-** जलः- सुरक्षित एवं शुद्व जल, जल का उपयोग, जल प्रदूषण, जल जनित रोग, जल का शुद्विकरण। वायुः वायु प्रदूषण, वायु प्रदुषण के बचाव एवं रोकथाम। वेस्टः मलमूत्र, सीवेज, सेहत को खतरा, कूड़ा करकट, स्वास्थ्य के लिये हानिकारक वेस्टेज को हटाने एवं उसका निस्तारण। आवासीयः- शोर।

**15. नर्सिंग में कम्प्यूटरः-** डिस्क आपरेटिंग प्रणाली, कम्प्यूटर की नर्सिंग में उपयोगिता, इण्टरनेट और ईमेल।

## परिशिष्ट - 5

**मुख्य (लिखित) परीक्षा हेतु परीक्षा योजना**

**पाठ्यक्रम- मुख्य (लिखित) परीक्षा हेतु नर्सिंग विषय का पाठ्यक्रम प्रारम्भिक परीक्षा की भाँति ही रहेगा**

**मुख्य परीक्षा (परम्परागत)**
**नर्सिंग विषय**

1- प्रश्न पत्र - एक
2- समयावधि - 03 घण्टा
3- पूर्णांक - 85 अंक

परीक्षा योजना- पूर्व पाठ्यक्रम के आधार पर नर्सिंग विषय (परम्परागत) प्रश्नपत्र की रचना हेतु प्रश्नपत्रों के स्वरूप एव अंकों का विभाजन निम्नवत् हैः-

प्रश्न दो खण्डों में विभाजित रहेंगे।

खण्ड-अ में कुल पाँच लघु उत्तरीय प्रश्न होंगे, सभी प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 05 अंक का होगा। (अधिकतम शब्द सीमा 125)

खण्ड-ब में कुल छः दीर्घ उत्तरीय प्रश्न होंगे, अभ्यर्थी को इनमें से कोई चार प्रश्न हल करने होगें। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का होगा। (अधिकतम शब्द सीमा 300)

WEBSITE: WWW.SARKARIRESULT.COM
EMAIL : SarkariResult@gmail.com
Twitter @Sarkari_Result
Scan QR Code
FREE MOBILE App